झारखण्ड सरकार

# कार्यालय : वन प्रमंडल पदाधिकारी,
# दुमका वन प्रमंडल, दुमका।

Court Compound, Dumka-814101

E-mail- -dfodumka@gmail.com/dfo-dumka@gov.in ; Ph. No- 06434-236072

पत्रांक– 2050 दिनांक– 15.6.2018

सेवा में,

वन संरक्षक,
प्रादेशिक अंचल, दुमका।

विषय :– NGT कोलकाता में दायर रामलखन सिंह बनाम राज्य सरकार एवं अन्य के विरूद्ध OA-14/2014EZ से संबंधित दुमका वन प्रमंडल अन्तर्गत अतिक्रमित 14.217 हे0 वन भूमि पर निर्मित मजिस्ट्रेट कॉलोनी, आउटडोर स्टेडियम, राज भवन तथा पुलिस उप निरीक्षक आवास के लिए नियमितिकरण का प्रस्ताव।

प्रसंग :– प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, रॉची का पत्रांक–487 दिनांक–25.4.2018

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में दुमका वन प्रमंडल अन्तर्गत अतिक्रमित 14.217 हे0 वन भूमि पर निर्मित मजिस्ट्रेट कॉलोनी, आउटडोर स्टेडियम, राज भवन तथा पुलिस उप निरीक्षक आवास के लिए नियमितिकरण का प्रस्ताव में 06 (छः) बिन्दुओं पर आपत्ति दर्ज की गई थी। आपत्ति का निराकरण प्रतिवेदन निम्नवत पत्र के साथ संलग्न कर समर्पित की जा रही है।

| क्र0 | आपत्ति | निराकरण |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | प्रस्ताव के साथ FRA, 2006 के तहत् उपायुक्त, दुमका द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण–पत्र भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र में नहीं है। साथ ही ग्राम सभा की कार्रवाई की प्रति संलग्न नहीं है। | संलग्न अनुलग्नक–1 |
| 2 | प्रस्ताव के साथ प्रस्तावित वन भूमि का GPS संलग्न है परन्तु भारत सरकार के दिशा–निर्देश के अनुसार Georeferance Digital Plan in Shape फाईल में संलग्न नहीं है। | संलग्न अनुलग्नक–2 |
| 3 | प्रस्ताव के साथ प्रस्तावित वन भूमि की विस्तृत विवरणी संलग्न नहीं है। | संलग्न अनुलग्नक–3 |
| 4 | प्रस्ताव के साथ प्रस्तावित वन भूमि पर निर्मित मजिस्ट्रेट कॉलोनी, आउटडोर स्टेडियम, राज भवन तथा पुलिस उप निरीक्षक आवास का Lay out Plan संलग्न नहीं है। | संलग्न अनुलग्नक–4 |
| 5 | प्रस्तावित वन भूमि का Component-wise Break up संलग्न नहीं है। | संलग्न अनुलग्नक–5 |
| 6 | प्रस्ताव के साथ Part-II में वन प्रमंडल पदाधिकारी, दुमका द्वारा Violation की सूचना दी गई है। इस संबंध में दोषी पदाधिकारियों/कर्मचारियों पर क्या कार्रवाई की गई है से संबंधित विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराया जाय। | — |

अनु0 यथोक्त

विश्वासभाजन,
15/6/'18
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
दुमका वन प्रमंडल, दुमका।
15/6/18

ज्ञापांक– 2050 दिनांक– 15.6.2018

प्रतिलिपिः– क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, संथाल परगना, दुमका तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक –सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, रॉची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
दुमका वन प्रमंडल, दुमका।
15/6/18

D:\2018-19\FC Act and Misce. section\Latter. 2018-19.doc- 66 -